# ओंकारेश्वर डैम की हाईटेक सुरक्षा

## ड्रोन पेट्रोलिंग और अत्याधुनिक बोट तैनात

**खंडवा,23 अगस्त. ओंकारेश्वर डैम लबालब है. देशभर की गतिविधियों और अधिक जल भराव के बाद ओंकारेश्वर डैम की सुरक्षा अत्याधुनिक तरीके से की जा रही है. इसमें इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का सहारा ले रहे हैं.**

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ओंकारेश्वर द्वारा ओंकारेश्वर डैम क्षेत्र और आसपास के संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ किया गया है. अब डैम क्षेत्र की चौकसी के लिए आधुनिक तकनीक, जैसे सीसीटीवी कवरेज और ड्रोन पेट्रोलिंग, एवं बोट द्वारा भी पेट्रोलिंग की जा रही . खंडवा जिले के बिजली परियोजना वाले इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर दोनों संवेदनशील हैं. भारी जल राशि से लबालब है. भविष्य को देखते हुए



यहां सुरक्षा व्यवस्था पिछले वर्षों से भी अत्याधुनिक और हाईटेक कर दी गई है. ड्रोन संचालन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, ताकि लोग अवगत रहें कि यह गतिविधि केवल सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए है. सीआईएसएफ का कहना है कि तकनीक और सतर्क बल सदस्यों का यह संयोजन डैम क्षेत्र की सुरक्षा में नई ऊर्जा और मजबूती लेकर आया है. इस कदम से सुरक्षा बलों की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और स्थानीय नागरिकों में भी सुरक्षा को लेकर विश्वास और आश्वस्ति की भावना प्रबल हुई है.

### संदिग्धों से कर रहे पूछताछ

सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहकर क्षेत्र की हर गतिविधि पर सतत निगरानी रख रहे हैं. इससे संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाना संभव हो गया है. वहीं, ड्रोन पेट्रोलिंग से डैम की परिधि, ऊपरी सतह और आसपास की बस्तियों तक निगरानी का दायरा और विस्तृत हो गया है.

# पुलिस ने एनएसयूआई पदाधिकारियों को किया नजरबंद

**जबलपुर,23 अगस्त.** जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के जबलपुर आगमन के पूर्व पुलिस द्वारा एनएसयूआई प्रदेश महासचिव नीलेश महार और मोहम्मद अली एज़ाज़ अंसारी, अदनाद ख़ान अन्य को नजरबंद कर लिया गया. जानकारी के मुताबिक जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई पदाधिकारी काले झंडे दिखाने की तैयारी में थे, इसके पहले ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया. छात्र नेताओं का आरोप है कि यह सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, बल्कि संपूर्ण जबलपुर में छात्र नेताओं पर चल रहा पुलिसिया दमन है.



# सिंध नदी में पानी छोड़ा, 20 गांवों में अलर्ट

## मड़ीखेड़ा बांध के चार गेट खोले, नदी-नाले उफान पर

**शिवपुरी,23 अगस्त. मड़ीखेड़ा बांध में जलस्तर तेजी से बढ़ने पर चार गेट खोल दिए गए हैं. सिंध परियोजना संभाग मड़ीखेड़ा के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी और लगातार बारिश को देखते हुए बीती देर शाम से नदी में 830 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है. प्रशासन ने सिंध नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी किया है.**

इनमें मड़ीखेड़ा, धमकन, पचपेड़िया, कल्याणपुर, नानकपुर और सुल्तानपुर शामिल हैं. मोहनी पिकअप वियर क्षेत्र के ख्यावदा, साबोली, सुडा, धमधौली, सीहोर, निहाबारा, पनघटा, मगरोनी और पुलाहा गांवों को भी सतर्क किया गया है. शिवपुरी-कोलारस क्षेत्र में नदी-नाले उफान पर हैं. कोलारस के रिजोदा गांव का मार्ग रपटा डूबने से बंद हो गया है. ग्रामीणों को स्कूली बच्चों को ट्रैक्टर से नाला पार कराना पड़ा. भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक के मुताबिक 1 जून से अब तक जिले में 1143.77 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है. यह पिछले साल की तुलना में दोगुनी है. पिछले साल इसी अवधि में 609.63 मिमी वर्षा हुई थी. नरवर क्षेत्र में सबसे अधिक 1653 मिमी और कोलारस में सबसे कम 894 मिमी बारिश हुई है. जिले की औसत वर्षा 816.3 मिमी है.

### मोरवन डैम फुल, वेस्टवेयर से बहा पानी

**नीमच.** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार शनिवार सुबह मोरवन डैम लबालब हो गया और वेस्टवेयर (चादर) से पानी झरने की तरह बहने लगा. जिले की सबसे बड़ी सिंचाई योजना, 52 फीट भराव क्षमता वाले मोरवन डैम से पानी छोड़े जाने पर क्षेत्र के किसानों सहित स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई. डैम से बहता पानी और नीमच-सिंगोली रोड के नीचे झरने का मनोरम दृश्य देखने के लिए लोग दूर-दराज से पहुंच रहे हैं. चादर चलने पर लोग नहाने का आनंद भी ले रहे हैं. मोरवन डैम की भराव क्षमता 15 .7 मिलियन क्यूबिक मीटर है. डैम से निकली 20 किमी लंबी मुख्य नहर के माध्यम से करीब 2 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी. मुख्य नहर से 14 किमी लंबी दो शाखा नहरें लोद और रुपपुरा निकलती हैं.

# 4 .80 करोड़ के जेवर चोरी करने वाले गिरफ्तार

### व्यापारी का ड्राइवर मास्टर माइंड, गुजरात में पकड़ाया

**इंदौर,23 अगस्त. इंदौर क्राइम ब्रांच ने 4 करोड़ 80 लाख रुपए के सोने के जेवरात चोरी करने वाले दो आरोपियों को गुजरात के पालनपुर से गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने चोरी का माल कार की सीट के अंदर छिपा रखा था. बरामदगी के बाद दोनों को इंदौर लाया गया.**

यह मामला अहमदाबाद निवासी सोने के व्यापारी धर्मेंद्र भाई जयंतीलाल की शिकायत पर दर्ज हुआ था. धर्मेंद्र भाई ने बताया कि वह सोने के सैंपल लेकर विभिन्न शहरों में व्यापारियों से मिलते हैं. 9



जुलाई को उन्होंने अपने ड्राइवर मसरू राबरी को इंदौर भेजा था. उसके पास 4 किलो 800 ग्राम के जेवरात थे. गंगवाल बस स्टैंड के पास ड्राइवर कार से बैग लेकर अपने साथी के साथ फरार हो गया. यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी.

राजस्थान-गुजरात सीमा पर काट रहे थे फरारी: डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी राजस्थान और गुजरात की सीमाओं पर छिपे रहे. लगातार तलाश के बाद पुलिस ने पालनपुर से मसरू राबरी और प्रेमपाल सिंह को दबोच लिया. यह भी खुलासा हुआ कि जेवरात कार की सीट में छिपाए गए थे.

### शराब तस्करी और फायरिंग में लिप्त प्रेमपाल

जांच में सामने आया कि आरोपी प्रेमपाल सिंह शराब तस्कर है और उस पर हत्या के प्रयास (धारा 307) के दो मामले पहले से दर्ज हैं. वह कई बार फायरिंग की घटनाओं में भी शामिल रहा है. पुलिस ने सतर्कता और सूझबूझ से कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया.

# बाघ की खाल का मामला डिप्टी कमिश्नर का सरेंडर, जेल भेजा

**जबलपुर,23 अगस्त. बाघ की खाल वाले केस में जगदीश सरवटे, डिप्टी कमिश्नर, जनजाति विभाग ने कोर्ट में सरेंडर किया जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया है.**

दरअसल डिप्टी कमिश्नर जगदीश सर्वटे और उनकी मां सावित्री सर्वटे के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था और डिप्टी कमिश्नर की मां सावित्री सर्वटे को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेज दिया गया था. बता दें ईओडब्ल्यू की टीम ने 22 जुलाई को डिप्टी कमिश्नर के शंकर शाह नगर स्थित सरकारी



आवास समेत अधारताल और भोपाल में छापामारी की थी. वहां से जमीनों के दस्तावेज और पांच करोड़ 89 लाख 95 हजार 624 रुपए की संपत्ति की जानकारी सामने आई थी. इसके साथ ही बाघ की खाल भी मिली थी.

# चार बदमाशों ने की डॉक्टर की पिटाई

**अनूपपुर, 23 अगस्त.** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान में शुक्रवार शाम चार बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया. बदमाश बुलेट मोटरसाइकिल लेकर सीधे अस्पताल के अंदर डॉक्टर के कक्ष तक जा पहुँचे. यहाँ डॉक्टर की पिटाई की और तोड़फोड़ कर फरार हो गए. घटना से अस्पताल स्टाफ और मरीजों में दहशत का माहौल है. डॉ. विपिन यादव मरीजों का इलाज कर रहे थे. तभी मनु नामक युवक बिना नंबर की बुलेट पर तीन साथियों के साथ अस्पताल पहुंचा. मनु ने बाइक रैंप से चढ़ाई और डॉक्टर के कमरे में घुसा दिया. आपत्ति जताने पर मनु और उसके साथी ओम ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी.

# करोड़ों का कॉलेज भवन बना, 100 मीटर की सड़क ने बढ़ाई परेशानी

**मंडला,23 अगस्त. जिले के अंतिम छोर में बसा वनांचल विकासखंड मवई हमेशा ही उपेक्षा का शिकार रहा है. यहां के कई ग्राम आज भी मूलभूत सुविधा के इंतजार में है.**

वहीं कई वर्षों के इंतजार के बाद आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में छात्रों की मांग पर कॉलेज बनकर तैयार है, लेकिन इस कॉलेज तक पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग नहीं बनाया गया है. जिसके कारण यहां के छात्रों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

जानकारी अनुसार मवई जनपद मुख्यालय में करोड़ों की लागत से तैयार हुआ एक नया कॉलेज भवन अब विद्यार्थियों



और स्थानीय निवासियों के लिए सिरदर्द बन गया है. इस भव्य और आधुनिक इमारत तक पहुंचने के लिए मात्र 100 मीटर की सड़क भी अब तक नहीं बन पाई है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बताया गया कि बारिश के मौसम में यह 100 मीटर का रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता है.

# सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करना पड़ा महंगा

### शक्ति सिंह के खिलाफ एफआईआर के आदेश

**देवास,23 अगस्त. जिला अभिभाषक संघ देवास की पहल पर न्यायालय ने एक अहम निर्णय लेते हुए शक्ति सिंह तोमर नामक फेसबुक प्रोफाइल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं.**

बताया जा रहा है कि शक्ति सिंह तोमर नाम से संचालित फेसबुक प्रोफाइल से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण के खिलाफ अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी की गई थी. अधिवक्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणी न केवल न्यायपालिका



की गरिमा को ठेस पहुँचाती है, बल्कि यह समाज में न्याय व्यवस्था के प्रति अविश्वास भी पैदा करती है. इस गंभीर मामले में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अशोक वर्मा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया. न्यायालय ने शिकायत को गंभीर मानते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस को तत्काल प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए. साथ ही आदेश दिया गया है कि मामले की विवेचना पूर्ण कर 22 सितंबर 2025 तक चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए.

### रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम

इस निर्णय को अधिवक्ता समुदाय ने न्यायपालिका की गरिमा की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है. अधिवक्ताओं का कहना है कि सोशल मीडिया पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर न्यायाधीशों या संस्थाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियाँ करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होना आवश्यक है.

# धार्मिक नारेबाजी से उज्जैन में बवाल, पथराव-तलवारबाजी

### आठ लोग हिरासत में, इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

**उज्जैन,23 अगस्त. बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में मक्सी रोड स्थित पांड्याखेड़ी इलाके में बीती रात धार्मिक नारेबाजी को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए.**

विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से पथराव और तलवारबाजी होने लगी. इस दौरान 50 वर्षीय नारायण सिंह पर तलवार से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, उसका भाई रघुवीर और एक महिला सहित तीन लोग घायल हुए. जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी नितेश भार्गव और सीएसपी पुष्पा प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और हालात काबू में किए. स्थिति बिगड़ने पर आरएएफ की टुकड़ी भी तैनात की गई. पुलिस ने आसिफ, सलमान, सोनू, कादर, भूरू, छोटू, शादाब सहित आठ लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है. घटना में घर की महिलाओं से भी मारपीट की गई जब उन्होंने नारायण को बचाने की कोशिश की. मामले की खबर फैलते ही हिंदूवादी संगठनों के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए, जिससे तनाव और बढ़ गया. फिलहाल इलाके में शांति बनी हुई है, लेकिन एहतियातन पुलिस बल तैनात है.

# राजस्थान के बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

## बिचौलिये से 13 पिस्टल के साथ 2 जिंदा कारतूस बरामद

**खरगोन, 23 अगस्त. जिले में अवैध हथियारों की खरीदी कर लौट रहे राजस्थान के दो बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े है. इस मामले में पुलिस ने हथियारों का सौदा कराने वाले बिचौलियों को भी गिरफ्तार किया है.**

कार्रवाई में करीब 2 लाख 85 हजार रुपए मूल्य की 13 देशी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस सहित एक बाईक जब्त की गई है. शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए एसप धर्मराज मीना ने बताया कि थाना गोगावां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिपलई पुलिया के पास घेराबंदी की. यहां बाईक पर सवार होकर जा रहे



तीन युवको को रोका गया. इन्होंने अपना नाम दीपक पिता रमेश निवासी जसनगर थाना मेडता जिला नगौर राजस्थान, महिपाल पिता चन्द्राराम उर्फ चैनाराम जाट निवासी बडाईली थाना पाटुकल्ला जिला नागौर राजस्थान, बबलू पिता दिलीप चौहान निवासी ग्राम पिपलई थाना गोगावां बताया.

तलाशी लेने पर दीपक के पास 4 देशी पिस्टल, 03 देशी कट्टे व 02 कारतुस मिले एवं महिपाल की कमर व थैली से 5 देशी पिस्टल व 3 देशी कट्टे मिले. पूछताछ में इन्होंने बताया कि यह हथियार सिगनुर से खरीदे है और इसका सौदा बबलू ने कराया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर हथियार बेचने वाले की तलाश शुरु की है. 9 देशी पिस्टल की कीमत 2 लाख 25 हजार, 4 देशी कट्टे की कीमत 60 हजार रुपये एवं 2 जिंदा कारतूस की कीमत 3 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस ने बताया आरोपी हथियारों के साथ पकड़े गए.

# प्रधानमंत्री आवास योजना राशि वसूली पर निगम की सख्ती

**छिंदवाड़ा, 23 अगस्त.** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बीएलसी घटक में राशि लेने के बावजूद पक्के मकान न बनाने वाले हितग्राहियों पर नगर निगम छिंदवाड़ा की सख्ती लगातार जारी है.

शुक्रवार को 106 हितग्राहियों पर कार्रवाई करते हुए तहसीलदार द्वारा राजस्व रिकवरी प्रमाणपत्र जारी किया गया था. इन प्रकरणों की कुल राशि 42 लाख 51 हजार रुपये है. नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि आज 35 प्रकरणों में नोटिस तामिल किए गए हैं. इसके साथ ही शेष 158 प्रकरणों पर आगामी दिनों में कार्यवाही की जाएगी.

# सीएम से मिलने की मांग पर अड़े युकां जिला अध्यक्ष हिरासत में लिए गए

**कटनी, 23 अगस्त. माइनिंग कॉन्क्लेव से पहले पुलिस ने शनिवार को युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंशु मिश्रा और उनके साथियों को हिरासत में लिया. मिश्रा ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा था.**

दरअसल, मिश्रा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर माइनिंग से संबंधित दस्तावेज सौंपने की बात कही थी. उनका कहना था कि इन दस्तावेजों से राज्य को 2000 करोड़ रुपए का राजस्व मिल सकता है. प्रतिनिधिमंडल में माइनिंग विशेषज्ञों की टीम भी शामिल होने वाली थी. मुलाकात की मांग के बाद पुलिस ने हिरासत में लिया. माइनिंग कॉन्क्लेव से जुड़े इन दस्तावेजों से मध्य प्रदेश सरकार को वित्तीय लाभ की



संभावना थी. लेकिन मुलाकात की मांग के बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया. इस कार्रवाई के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की.

# अंजनी नदी पर बन रहे पुल में टर्न को लेकर आपत्ति

**गरोठ, 23 अगस्त.** अंजनी नदी पर बोलिया रोड स्थित पुल निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितताओं की शिकायतों के बाद शनिवार 22 अगस्त को सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ और ठेकेदार ने स्थल का निरीक्षण किया. लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस पुल के डिजाइन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने आपत्ति जताई थी. शिकायत में कहा गया था कि पुल के डिजाइन में टर्न का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे भविष्य में हादसों की संभावना बढ़ सकती है. इसी को देखते हुए सेतु निर्माण विभाग ने मौके पर लेआउट प्रस्तुत कर पुल निर्माण कार्य की जानकारी दी.

**पुरानी परंपरा** दोनों पक्षों के युवाओं में दिखा जोश और उत्साह, झंडा तोड़ने में पांढुरना पक्ष असफल

# पांढुरना में पत्थरों की बरसात, 700 से अधिक घायल

**पांढुरना, 23 अगस्त. सदियों पुरानी परंपरा के तहत शुक्रवार को पांढुरना में विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेला धूमधाम से आयोजित हुआ. सुबह पूजा-अर्चना और झंडा गाड़ने की रस्म के बाद दोनों पक्षों के युवाओं ने उत्साह और जोश में एक-दूसरे पर पत्थरों की बरसात शुरू कर दी.**

पूरे दिन चले इस आयोजन में सात सौ से भी अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें दो गंभीर घायलों को नागपुर रेफर करना पड़ा. गोटमार मेला, पारंपरिक आस्था और विश्वास से जुड़ा आयोजन होने के बावजूद एक



तरह के युद्ध का रूप ले लेता है. इसमें सैकड़ों लोग सूर्योदय से सूर्यास्त तक आमने-सामने से पत्थर फेंककर विपक्षी को परास्त करने की कोशिश करते हैं. इस बार भी जाम नदी के तट पर हजारों लोगों ने इसका रोमांचक दृश्य देखा. मेले में क्षेत्रीय विधायक निलेश उइके भी पहुंचे और स्वयं पत्थरबाजी में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया. उनके साथ खेलने से दोनों पक्षों के लोग बेहद उत्साहित दिखाई दिए. विधायक ने मौके पर उपस्थित लोगों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं.

### आस्था और साहस का अनोखा संगम

प्रशासन का कहना है कि घायलों की संख्या 300 के आसपास है, जबकि स्थानीय सूत्र इसे 700 से अधिक बता रहे हैं. हर साल की तरह इस बार भी पांढुरना पक्ष झंडा तोड़ने में असफल रहा. शाम करीब 6.50 बजे सावरगांव पक्ष ने नदी से पलाश वृक्ष रूपी झंडा उखाड़कर कब्जा कर लिया. पांढुरना पक्ष ने कई बार कोशिश की, लेकिन हर बार उन पर पत्थरों से हमला कर झंडा लेने से रोक दिया गया. हजारों की भीड़, परंपरा का जोश और पत्थरों की बारिश के बीच यह आयोजन आस्था और साहस का अनोखा संगम बन गया, लेकिन इसके साथ ही बड़ी संख्या में घायलों की पीड़ा भी छोड़ गया. इस अवसर पर पांढुरना कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश और एएसपी नीरज सोनी ने भी मेला स्थल पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

# ड्राइवर को लगी झपकी, बस खंभे से टकराई

### शिवपुरी-गुना फोरलेन हाइवे पर हादसा, 19 घायल

**शिवपुरी,23 अगस्त. शिवपुरी-गुना फोरलेन हाइवे पर कृष्णा होटल के पास एक वीडियो कोच बस हादसे का शिकार हो गई. उज्जैन से दिल्ली जा रही बस क्रमांक यूपी 75 सीटी 5446 पुलिया और खंभे से टकरा गई. हादसे में 19 यात्री घायल हुए, जिनमें गर्भवती महिला और बच्चे भी शामिल हैं.**

सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. जानकारी के अनुसार बस की स्टेयरिंग ड्राइवर की नींद में रहने के कारण नौसिखिया कंडक्टर को थमाई गई थी. यात्री रणजीत सिंह ने बताया कि बस तड़के 3.45 बजे



टॉयलेट के पास रुकी थी, तब ड्राइवर बोनट पर सो रहा था. कंडक्टर ने गाड़ी चलानी शुरू की, लेकिन अनुभवहीन होने के कारण कई बार गाड़ी कच्चे गियर में उतर गई. यात्रियों ने कई बार ड्राइवर को जगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक एक्सीडेंट हो चुका था.हादसे में घायल यात्रियों में पूजा शर्मा, अनामिका पाठक, प्रदीप, आरती तोमर, मान्या कश्यप, शुभम कश्यप, भावना, सुशीला, जया, कविता, राकेश जाटव, मुन्नालाल, अक्षत सिंह सिकरवार, मनोरमा, दिनेश, महेश, सत्यवीर, रूपेश कुमार और रहबर खान शामिल हैं.